प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

24 फरवरी 2025

## भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 का शुभारंभ किया

वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए रिज़र्व बैंक 2016 से हर वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह (एफ़एलडब्ल्यू) का आयोजन कर रहा है। गवर्नर श्री संजय मल्होत्रा ने **वित्तीय साक्षरता सप्ताह (एफ़एलडब्ल्यू) 2025** के दसवें संस्करण का शुभारंभ किया और इस वर्ष का विषय है **"वित्तीय समझदारी: समृद्ध नारी"**

एफ़एलडब्ल्यू 2025, 24 से 28 फरवरी 2025 के बीच मनाया जाएगा। शुभारंभ समारोह में रिज़र्व बैंक, नाबार्ड के शीर्ष प्रबंधन और क्षेत्रीय प्रमुखों तथा चुनिंदा वाणिज्यिक बैंकों के प्रमुखों ने भाग लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए गवर्नर श्री मल्होत्रा ने देश के समावेशी और सतत आर्थिक संवृद्धि में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए उन्हें सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि वे वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए, विशेषकर महिलाओं के बीच, सभी उपलब्ध माध्यमों का उपयोग करें।

एफ़एलडब्ल्यू 2025 के भाग के रूप में, भारतीय रिज़र्व बैंक इस विषय पर मल्टीमीडिया अभियान चलाएगा। बैंकों को भी सूचित किया गया है कि वे अपने ग्राहकों को इसकी जानकारी दें और उनमें जागरूकता उत्पन्न करें।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2237**